4

जल संरचनाओं को बचाने कलेक्टर ने की जल संगवारी की समीक्षा





INTERVIEW

अतिशीघ्र आवश्यकता है

11,12,13 March 2026

समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

5 पद- ड्राइवर पुरुष

2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष

30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष

वेतनमान अनुभव के आधार पर

योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए

फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस

इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023


## तस्करी रोकने बेने में चौथा बेरियर लगाने की तैयारी

# बादलखोल अभयारण्य में अवैध कटाई और शिकार के मामलों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा एलिफेंट रिजर्व के अंतर्गत आने वाला बादलखोल अभयारण्य एक समय अपनी घनी हरियाली, दुर्लभ वन्यजीवों और शांत प्राकृतिक वातावरण के लिए दूर-दूर तक जाना जाता था। पहाड़ों और साल के घने वनों से घिरा यह क्षेत्र आज भी प्राकृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन बीते कुछ वर्षों से यहां अवैध लकड़ी कटाई, वन्यजीवों के शिकार और लकड़ी तस्करी की गतिविधियों को लेकर विभाग की चिंता बढ़ती जा रही है।

वन विभाग इन गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने पहले तीन स्थानों पर बेरियर स्थापित किए थे और अब चौथा बेरियर लगाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यदि निगरानी व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो केवल बेरियर लगाने से स्थिति में कोई सुधार नहीं आएगा।

### ग्रामीण बोले, रात में खुला रहेगा रास्ता तो कैसे रुकेगी तस्करी

#### रात के समय होती है ज्यादा तस्करी

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध लकड़ी कटाई और वन्यजीवों के शिकार की अधिकांश घटनाएं रात के समय ही होती हैं। ऐसे में यदि बेरियर रात में खुले रहते हैं तो उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाएगा।विभाग को सही मायने में तस्करी पर अंकुश लगाना है तो सभी बैरियरों में रात को भी डियूटी लगानी होगी । लोगों का मानना है कि यदि बेने में बनने वाले नए बेरियर की भी यही स्थिति रही तो उसका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। दिन के समय तो वाहनों की एंट्री दर्ज हो जाएगी, लेकिन यदि रात में बेरियर खुला रहेगा तो तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकना मुश्किल होगा।



**बच्छरांव से कई दिशाओं में निकलते हैं रास्ते:** बच्छरांव से एक मार्ग झरगांव की ओर तथा दूसरा मार्ग मटासी होते हुए नारायणपुर की ओर जाता है। बताया जाता है कि इन मार्गों का उपयोग भी लकड़ी की अवैध तस्करी के लिए किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन रास्तों पर निगरानी के अभाव में तस्कर आसानी से जंगल से लकड़ी बाहर निकाल लेते हैं।

**जंगल बचाने के लिए जरूरी है सतर्कता:** बादलखोल अभयारण्य केवल वन विभाग ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर है। यहां के घने साल वन, पहाड़ और वन्यजीव इस इलाके के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ऐसे में जरूरत इस बात की है कि वन विभाग और स्थानीय समुदाय मिलकर इस जंगल की सुरक्षा के लिए गंभीर प्रयास करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी बादलखोल की हरियाली और जैव विविधता का लाभ उठा सकें।

#### पहाड़ी और साल वनों की समृद्धि

बादलखोल अभयारण्य ईब और डोड़की नदियों के किनारे फैले साल वनों से घिरा एक महत्वपूर्ण पहाड़ी पारिस्थितिक तंत्र है। यहां की जलवायु और जैव विविधता इसे पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है।एक समय यहां बाघ, तेंदुआ, चीतल, सांभर और कई दुर्लभ पक्षियों की भरपूर मौजूदगी हुआ करती थी। जंगल की शांति और प्राकृतिक संतुलन के कारण यह क्षेत्र वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आश्रय माना जाता था।

#### अब नहीं दिखते बाघ

हालांकि वर्तमान समय में बाघ जैसे बड़े वन्यजीव अब इस क्षेत्र में दिखाई नहीं देते, लेकिन कोटरी, हाथी, तेंदुआ, जंगली सुअर और अन्य वन्य प्राणियों की मौजूदगी अभी भी यहां देखी जाती है। इसके अलावा कई प्रकार के पक्षी और छोटे वन्य जीव भी इस क्षेत्र की जैव विविधता को बनाए हुए हैं।

#### 1975 में मिला अभयारण्य का दर्जा

जानकारी के अनुसार बादलखोल अभयारण्य का रेंज कार्यालय नारायणपुर में स्थित है। इस अभयारण्य को वर्ष 1975 में आधिकारिक स्वीकृति मिली थी। इससे पहले यह क्षेत्र सामान्य वन क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार पुराने समय में यह इलाका राजा-महाराजाओं का प्रमुख शिकारगाह हुआ करता था। उस दौर में यहां के जंगल इतने घने हुआ करते थे कि दिन के समय भी जंगल के अंदर अंधेरा जैसा वातावरण रहता था। कहा जाता है कि पेड़ों की घनी छाया के कारण सूर्य की किरणें भी धरती तक नहीं पहुंच पाती थीं।इसी घनेपन और बादलों जैसी छाया के कारण इस क्षेत्र का नाम "बादलखोल" पड़ गया, जो आज भी इस जंगल की पहचान बनी हुई है।

#### तस्करी रोकने के लिए लगाए गए बेरियर

इन्हीं गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वन विभाग ने पहले तीन स्थानों पर बेरियर लगा चुका है। इनमें एक बेंद सर्किल में और दूसरा साहीडाँड़ सर्किल में तीसरा डूमरपानी मे स्थापित किया गया है। अब विभाग द्वारा चौथा बेरियर नारायणपुर सर्किल के बेने क्षेत्र में लगाने की तैयारी की जा रही है। हाल ही में सरगुजा एलिफेंट रिजर्व के उपनिदेशक श्रीनिवास तनेटि स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण कर अधिकारियों को यहां बेरियर लगाने के निर्देश दिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस बेरियर के निर्माण का उद्देश्य वन क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की निगरानी बढ़ाना और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करना है।



# जादू-टोना के शक में महिला की निर्मम हत्या

■ पति समेत चार आरोपियों ने मिलकर की वारदात

जशपुरनगर। जिले के सन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम गट्टी महुआ में अंधविश्वास की भयावह घटना सामने आई है। यहां जादू-टोना के शक में एक 48 वर्षीय महिला की बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने महिला के गुप्तांग में लकड़ी का डंडा डालकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में मृतका के पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान गोईदी बाई उम्र 48 वर्ष, पति ठूपन राम, निवासी गट्टी महुआ के रूप में हुई है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में ठूपन राम उम्र 45 वर्ष, फुला बाई उम्र 48 वर्ष, सुनील राम उम्र 23 वर्ष और सुरन्ती बाई उम्र 22 वर्ष शामिल हैं। चारों के खिलाफ थाना सन्ना में बीएनएस की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि 6 मार्च 2026 को मृतका के भाई सहलू राम उम्र 30 वर्ष ने थाना सन्ना पहुंचकर सूचना दी कि उसकी बड़ी बहन गोईदी ⏭ शेष पेज 4 पर

#### अंधविश्वास बनी हत्या की वजह

पुलिस विवेचना और पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी फुला बाई, जो मृतका की सौतन है, ने बताया कि 5 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे उसका और गोईदी बाई का घर में विवाद हुआ था। विवाद के बाद फुला बाई और उसका पति ठूपन राम खेत की ओर चले गए, जहां सुनील राम और उसकी पत्नी सुरन्ती बाई झोपड़ी में बैठे थे।कुछ देर बाद गोईदी बाई भी बर्तन धोने के लिए उसी दिशा में जा रही थी। इसी दौरान ठूपन राम उसे बहला-फुसलाकर झोपड़ी में ले गया। वहां चारों आरोपियों ने बैठकर हड़िया पी। इसी दौरान आरोपी सुनील राम ने आरोप लगाया कि उसके घर में बच्चा नहीं होने और उसके पिता को कैंसर होने के पीछे गोईदी बाई का जादू-टोना जिम्मेदार है।

#### पकड़कर रखा फिर की हत्या

अंधविश्वास के इसी शक में सुनील राम ने मृतका के बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद ठूपन राम और फुला बाई ने उसके हाथ-पैर पकड़ लिए। वहीं सुरन्ती बाई ने कहा कि उसके बच्चा नहीं होने की वजह भी गोईदी बाई ही है। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को घर लाकर बिस्तर पर रखा और ऊपर कंबल डाल दिया, ताकि मामला सामान्य मौत लगे।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर सुनी आमजन की समस्याएं



जशपुरनगर। अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कुकुरभुका निवासी स्व.प्रताप राम यादव का सांप के काटने से 09 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी लीलावती हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16, 17 एवं 18 को

जशपुरनगर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर के द्वारा 16, 17 एवं 18 मार्च 2026 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय, 17 मार्च को आईटीआई कुनकुरी एवं 18 मार्च आईटीआई पत्थलगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजित होगें। प्लेसमेंट कैम्प में श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड नोएडा संस्था के द्वारा विद्युत मीटर तकनीशियन की रिक्तियां प्राप्त हुई है। आवेदक का कार्यस्थल जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव है।

## छत्तीसगढ़ बन रहा नशे का अड्डा: मिंज

जशपुरनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक यूडी मिंज ने दुर्ग जिले के समोदा गांव में लगभग 9.5 एकड़ में अवैध अफीम की खेती का मामला सामने आने को बेहद गंभीर और चिंताजनक बताया है। श्री मिंज ने कहा कि इस मामले में भाजपा किसान मोर्चा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार का नाम सामने आना यह साबित करता है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में प्रदेश में नशे का कारोबार पनप रहा है। यदि सत्ताधारी दल से जुड़े लोग ही इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल पाए जाते हैं तो यह सरकार की नीयत और प्रशासन दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार प्रदेश को नशामुक्त बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर भाजपा से जुड़े नेताओं के खेतों में अफीम की खेती पकड़ी जा रही है और सरकार गांव-गांव में नई शराब दुकानें खोलने का निर्णय ले रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यूडी मिंज ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने में असफल भाजपा सरकार अब प्रदेश को नशे की गिरफ्त में धकेलने का काम कर रही है। यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने मांग की कि दुर्ग जिले के समोदा में अवैध अफीम खेती के पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।



## सरपंचों का दल धमतरी दुर्ग जिले के लिए रवाना



जशपुरनगर। सफल ग्राम पंचायतों के कार्यों, नवाचारों तथा विकास गतिविधियों का अध्ययन करने के उद्देश्य से जशपुर जिले से सरपंचों का एक अध्ययन भ्रमण दल 09 मार्च से 12 मार्च तक धमतरी एवं दुर्ग जिले के ग्राम पंचायतों के भ्रमण के लिए आज रवाना हुए। इस दल में कुल 40 प्रतिभागी सरपंच शामिल हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने अध्ययन भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से सरपंचों को अन्य ग्राम पंचायतों में किए जा रहे नवाचारों, विकास कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त होती है, जिससे वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में भी बेहतर योजनाएं लागू कर सकते हैं। अध्ययन भ्रमण के दौरान सरपंचों का दल धमतरी जिले के सांकरा तथा दुर्ग जिले के पतोरा ग्राम पंचायत का भ्रमण करेगा। यहां वे संचालित विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, नवाचारों और उत्कृष्ट पहल का अवलोकन करेंगे। इस अध्ययन के माध्यम से प्राप्त अनुभवों का उपयोग सरपंच अपने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में करेंगे।





**कचहरी चौक (रायपुर)** — शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**बैरन बाजार (रायपुर)** — विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)** — प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**अंबिकापुर** — मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई** — शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर** — शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**धमतरी** — डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर** — विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर 494001

**कोरबा** — शॉप नं. 4, 5, महिमा कॉम्प्लेक्स, निहारिका टॉकीज के पास, कोरबा (छ.ग.) – 495677,

**सारंगढ़** — डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 )

Google Play | App Store

Google Rating ★★★★☆ | PHILIPS Authorized dealer

For Appointment Call: 8319 603 298 | 9659 455 455

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड


### कांसाबेल महाविद्यालय में रूसा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ देश के विभिन्न राज्यों से 263 प्रतिभागी जुड़े

नवीन शासकीय महाविद्यालय कांसाबेल में रूसा द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय "भारतीय ज्ञान परंपरा कल, आज और कल" रखा गया, जिसमें भारतीय ज्ञान की समृद्ध परंपरा, उसके ऐतिहासिक स्वरूप, वर्तमान प्रासंगिकता तथा भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक विमर्श किया गया।

इस अकादमिक आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कुल 263




प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें 75 से अधिक शोधार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सालिक साय, जिला पंचायत जशपुर रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और विश्व को दिशा देने वाली रही है। हमारे ऋषि-मुनियों ने जीवन के विभिन्न आयामों दर्शन, विज्ञान, चिकित्सा, समाज और संस्कृति पर गहन अध्ययन कर जो ज्ञान दिया है, वह आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन-मूल्यों, व्यवहार और सामाजिक व्यवस्था में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को समझें, उसका अध्ययन करें और उसे आधुनिक संदर्भों से जोड़कर समाज के विकास में योगदान दें। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. गोवर्धन व्यास, शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर, ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी है। वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, गणित, खगोल विज्ञान और योग जैसी प्राचीन ज्ञान प्रणालियां आज भी विश्व में अध्ययन और अनुसंधान का महत्वपूर्ण विषय बनी हुई हैं। ⏭ शेष पेज 4 पर


## खबर संक्षेप

### चोपड़ा ग्राउंड में ब्राइट स्टार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कल से

**बिश्रामपुर।** नगर के चोपड़ा ग्राउंड मिनी स्टेडियम में कल 10 मार्च मंगलवार से ब्राइट स्टार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है,इस प्रतियोगिता में 24 टीमें हिस्सा लेंगी,प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।प्रतियोगिता में पहला मैच दोपहर 1 बजे और दूसरा मैच 3 बजे से खेलना तय हूआ है, प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत या नगर पंचायत के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।

### संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का आगमन 12 को

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीयसंत मुनि श्री 108 प्रमाण सागर महाराज का छत्तीसगढ़ राज्य में मंगल प्रवेश मनेन्द्रगढ़ से हुआ। मुख्यमंत्री ने उनको



राज्यकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। मुनि संघ का मंगल विहार शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर की ओर चल रहा है। 12 मार्च को सुबह 8.30 बजे अंबिकापुर में उनकी भव्य मंगल अगवानी होली क्रॉस के सामने से की जाएगी। जैन समाज सभी नागरिकों को आमंत्रित करती है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आगामी 26-27 मार्च तक मुनि संघ के रांची झारखंड में पहुंचने की संभावना है। आगामी 30 मार्च को महावीर जयंती के दिन मुनि का दीक्षा दिवस संपूर्ण भारत में गुरुदेव के भक्तों द्वारा मनाया जाएगा एवं रांची में 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव गुरु सानिध्य में संपन्न होंगे। आगामी 15 अप्रैल तक गुरुदेव सम्मेद शिखर तीर्थ राज पर पहुंचने की सम्भावना है। गुणायतन की कमेटी द्वारा मुनि संध की भव्य मंगल अगवानी की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

### शासकीय महाविद्यालय के तीन प्राध्यापकों को मिला पुरस्कार



**कुसमी।** कुसमी महाविद्यालय अंतर्गत तीन प्राध्यापिकाओं डॉ. लक्ष्मी सिंह, विनीता केरकेट्टा, अर्पणा एक्का अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध आयोजनों में भाग लेकर विशिष्ट पुरस्कार एवं सम्मान कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया हैं। ज्ञात हो कि 26 एवं 27 फरवरी को जशपुर स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह कन्या महाविद्यालय में इंटीग्रेटिंग , बायोडायवेसिटी ,एनवायरमेंट प्रोटेक्शन ट्रेडिशनल नालेज फोर सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय सेमिनार में कुसमी स्थित महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य प्राध्यापकों ने भाग लिया। तीन प्राध्यापिकाओं ने शोध पत्र को प्रस्तुत किया था।

### निखिल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**सूरजपुर।** शहर के होनहार छात्र निखिल कुमार साहू ने चार्टर्ड अकाउंट की इंटरमीडिएट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन



किया है। सूरजपुर निवासी निखिल कुमार साहू प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय ग्लोबल पब्लिक स्कूल से की। छात्र जीवन से ही वे पढ़ाई में मेधावी और परिश्रमी रहे हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंट की कठिन परीक्षा की तैयारी में निरंतर मेहनत की और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। निखिल की इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है।

### दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन कुसुमलता होंगी शामिल

**सूरजपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में 9 मार्च को नई दिल्ली में ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



किया जा रहा है। सम्मेलन प्रातः 10.30 बजे से कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन, कोटला मार्ग में आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। इस सम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा होगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े भी शामिल होंगी। वे सम्मेलन में भाग लेकर महिलाओं के अधिकार, सशक्तिकरण और संगठन से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखेंगी।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में सरगुजा पुलिस ने कार्रवाई की है। बतौली पुलिस ने पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईजे 5683 के चालक बतौली निवासी 21 वर्षीय अभिषेक पोर्ते आ. बाल कुशुन पोर्ते की जांच की गई। जांच के दौरान युवक शराब के नशे में धुत मिला। ऐसे में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय से युवक पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

## कर्मचारियों को नहीं मिल रहा नियमित वेतन

# उत्पादन घटने से चरमराई शक्कर कारखाने की आर्थिक हालत, तंगी से जूझ रहा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार लक्ष्य से आधा शक्कर उत्पादन होने के कारण मां महामाया शक्कर कारखाना आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। कारखाना प्रबंधक न तो कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान कर पा रहा है न ही अन्य आवश्यक कार्य। समय पर किसानों के गन्ना का भुगतान करना भी प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। पिछले दो सालों से गन्ने के आवक में कमी आने से मां महामाया शक्कर कारखाने के शक्कर उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कारखाने की क्षमता 40 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई करने का है लेकिन पिछले साल मात्र 20 लाख क्विंटल गन्ने की आवक हुइ। इस बार गन्ने की आवक 12 लाख क्विंटल में सिमट गई जिसका प्रभाव उत्पादन पर पड़ा। इधर सरकार ने खुले बाजार में नीलामी के माध्यम से शक्कर विक्रय पर रोक लगा दी हैं। विभाग शासन द्वारा हर महीने जारी कोटे के अनुसार राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को वितरण के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर उपलब्ध कराता है। नीलामी बंद होने से प्रबंधक को शक्कर विक्रय से होने वाली अतिरिक्त आय भी बंद हो गई है। पूर्व में नागरिक आपूर्ति निगम अग्रिम राशि भुगतान कर कारखाना से शक्कर लेता था। अब नान ने कारखाना को शक्कर का अग्रिम भुगतान बंद कर दिया है। समय पर शक्कर का भुगतान नहीं मिलने के कारण कारखाना प्रबंधन आर्थिक तंगी से जूझ रहा है तथा न तो कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान कर पा रहा है न ही अन्य आवश्यक कार्य। कारखाना की आर्थिक हालत को सुधारने के लिए प्रबंधन शासन से अग्रिम राशि मिलने अथवा मंडी बोर्ड से कम ब्याज पर कर्ज लेने की पहल कर रहा है। गन्ना के रकबे में वृद्धि करने के साथ ही पूर्व की तरह कारखाना के प्रति किसानों का विश्वास अर्जित करना भी कारखाना प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

**खास बात**

- अन्य खर्चों में भी कटौती, भविष्य में बढ़ेगी समस्या



**खर्चों में कटौती**

शक्कर की राशि ही कारखाना प्रबंधन की आय का प्रमुख स्त्रोत है। उत्पादन कम होने से कारखाने की आय में भी कमी आई है। भविष्य में भुगतान संबंधी समस्याओं को देखते हुए प्रबंधन लगातार खर्चों में कटौती कर रहा है तथा ठेका श्रमिकों की संख्या कम करने के साथ ही अन्य खर्चों में भी लगातार कटौती कर रहा है। आर्थिक तंगी के दौर में नियमित कर्मचारियों के कार्यों को बढ़ा दिया गया है। प्रबंधन 100 नियमित कर्मचारियों के माध्यम से सभी आवश्यक कार्यों को करा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आय में कमी आने के कारण अब कम खर्च में सभी कार्यों को संचालित करना सभी की मजबूरी है तथा ऐसा नहीं करने पर भविष्य में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्मचारियों के वेतन से गन्ना भुगतान**

कारखाना प्रबंधन की आर्थिक तंगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि किसानों को समय पर गन्ना का भुगतान करने के लिए कर्मचारियों का दो महीने का वेतन रोकना पड़ा। प्रबंधन ने कारखाना को गन्ना आपूर्ति करने वाले 7088 किसानों को 37 करोड़ 42 लाख रूपए से अधिक का संपूर्ण भुगतान कर दिया है। नागरिक आपूर्ति निगम से भुगतान मिलने पर कर्मचारियों के वेतन का भी भुगतान हो जाएगा लेकिन आगामी सीजन में कारखाना चलाने के लिए बड़ी राशि की जरूरत पड़ेगी। इधर किसान भी लगातार दर संशोधित करने एवं गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा निर्धारित गन्ने की राशि भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। किसानों का विश्वास जीतना एवं गन्ना के रकबा में वृद्धि करना भी प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है। गन्ना किसानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्हें उन्नतशील बीज एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आर्थिक तंगी के लिए शासन से शक्कर की अग्रिम राशि एवं कम ब्याज पर ऋण लेने की पहल की जा रही है।

-आकाशदीप पात्रे
एमडी, शक्कर कारखाना



## पण्डो समुदाय को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम राजकटेल में भूमि अतिक्रमण के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर पंडो विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

- राजकटेल पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष

ग्रामीणों ने बताया कि मुसलमानों द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर अवैध रूप से मकान निर्माण किया गया है तथा सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि पर भी जबरन खेती किए जाने की शिकायत सामने आई है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा बनी हुई है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पंडो समाज के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी उनके साथ खड़ी है तथा मामले में वैधानिक और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गरीब और आदिवासी समाज के लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भूमि विवाद को लेकर विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देशन में जांच कराई गई है। जांच के उपरांत संबंधित लोगों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170-ख के तहत नोटिस जारी किया गया है।

इस संबंध में एसडीएम वन सिंह नेताम ने बताया कि धारा 170 ख के तहत 27 फरवरी को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों को नोटिस जारी किया गया है। 20 मार्च को प्रकरण को लेकर एसडीएम न्यायालय में सभी को पेश होना है।



## ग्रामीण बैंक में सेंधमारी के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के कुमदा स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में सेंधमारी कर चोरी के प्रयास करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,आरोपी ने बैंक की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसने और तिजोरी खोलने का प्रयास किया था,पुलिस के अनुसार बैंक प्रबंधक धीरेंद्र मौर्य ने 5 मार्च को थाना बिश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की शाम बैंक बंद करने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान तिजोरी का हैंडल तोड़ दिया गया और सीसीटीवी कैमरे का तार भी काट दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कुमदा कॉलोनी निवासी राजेंद्र चतुर्वेदी (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया,पूछताछ में आरोपी ने बैंक में चोरी का प्रयास करने के साथ ही पिछले दिनो कुमदा कॉलोनी स्थित नरेश कुमार बुधिया के गैराज में हुई करीब एक लाख रुपये से अधिक की चोरी की घटना को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और घटना में प्रयुक्त औजार बरामद कर लिया है,आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश राठौर,सहायक उपनिरीक्षक विशाल मिश्रा,गुड्डू कुशवाहा,सोहर लाल,अखिलेश पांडेय सहित पुलिस टीम सक्रिय रही।



# मोबाइल दुकान में चोरी, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

थाना क्षेत्र के बस स्टैंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीराम मोबाइल दुकान में पिछले दिनो सेंध मार कर हुई कई लाख रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए दर्जनों मोबाइल फोन सहित सेंधमारी में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं।

- पौने तीन लाख कीमत के 27 नग नये व पुराने रिपेयर मोबाइल किये गये बरामद

पुलिस के अनुसार माइनर्स कॉलोनी निवासी अमित कुमार सिंह ने 1 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 फरवरी की रात को दुकान बंद कर घर जाने के बाद अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे दीवार में सेंधमारी कर 17 नग नए मोबाइल और 10 ग्राहकों के रिपेयरिंग के लिए रखे पुराने मोबाइल चोरी कर लिए थे,चोरी किये गए मोबाइलों की कुल कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपये बताई गई,मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की,मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तालाबपारा निवासी अभिषेक गुप्ता उर्फ गोलू और विमल उर्फ नान को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए मोबाइल बरामद कर लिए गए,पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश राठौर,सहायक उपनिरीक्षक विशाल मिश्रा, गुड्डू कुशवाहा, अखिलेश पांडेय, शिव राजवाड़े, खेल साय, उमेश राजवाड़े, मनोज शर्मा, योगेश्वर कंवर सहित अन्य पुलिस कर्मी सक्रिय रहे।




## कमर्शियल गैस की कीमतों की वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घरेलू और कमर्शियल गैस की कीमतों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस का आरोप है कि मध्यपूर्व में युद्ध प्रारंभ होने पर मोदी सरकार ने लगातार यह दावा किया था कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याय भंडारण है और कीमतों में वृद्धि नहीं होगी लेकिन 7 मार्च से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 115 रुपए की वृद्धि तेल कंपनियों के द्वारा की गई है। यह वृद्धि उज्ज्वला उपभोक्ताओं पर भी लागू की गई है। सिर्फ कीमतों में ही वृद्धि नहीं हुई है, साथ ही दूसरे सिलेंडर की रिफलिंग जो 16 दिनों में होती थी का समय बढ़ाकर 21 दिन कर दिया है। सरकार चाहती तो करों में कटौती कर आम जनता को राहत दे देती। लेकिन सरकार ने युद्ध की आड़ में देश की जनता को महंगाई का तोहफा दे दिया है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि यह सब एप्सटीन फाइल और अपने आकाओं के दबाव में मोदी सरकार अमेरिका परस्त हो गई है। इसका परिणाम था कि उसने रशिया से तेल और गैस खरीदना बंद कर दिया। आज युद्ध की स्थिति में मध्यपूर्व के देशों पर निर्भरता ने देश को महंगाई में झोंक दिया है। इस स्थिति के बावजूद सरकार करों में कटौती कर आम जनता को राहत दे सकती थी लेकिन इस सरकार ने आम जनता के बजाए तेल कंपनियों के हित को देखा। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता, संजय सिंह, अनूप मेहता, लोकेश कुमार, गुरप्रीत सिद्धू, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, विकल झा, आलोक सिंह, अमित सिन्हा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, अमित सिंह, विकास केशरी, सुरेंद्र गुप्ता, आकाश अग्रहरि, अली सोहेल, शिवराज सिंह, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल आदि मौजूद थे।

## इको टूरिज्म विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय में इको टूरिज्म विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ठाकुर तथा प्राचार्य डॉ.एसके श्रीवास्तव मुख्य वक्ता शिरीष मिश्रा के आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो.वंदना पाण्डेय ने कहा कि इको टूरिज्म के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग को बढ़ावा दिया जा सकता है।

- रामगढ़ की ऐतिहासिक गुफाओं पर हुई चर्चा




राधेश्याम सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से सरगुजा के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी साझा की। डॉ.एसके श्रीवास्तव ने वैश्विक पर्यटन परिदृश्य के साथ भारत और छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं से प्रकृति संरक्षण और पर्यटन स्थलों के विकास में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शिरीष मिश्रा ने रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक सीता बेंगरा और जोगीमारा गुफा से संबंधित जानकारी साझा की तथा प्राचीन धरोहरों के ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक पक्षों एवं गुफाओं में अंकित लिपियों को आकृति लिपि, शंख लिपि तथा भाव-चित्रात्मक लिपि के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने ग्रामीण एवं जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समन्वय मुकेश कुमार रजक ने किया जबकि मंच संचालन उमेश ओहदार ने किया।

### योग शिविर की तैयारियों को लेकर हुई समिति की बैठक

**अम्बिकापुर।** अप्रैल माह में कला केन्द्र मैदान में आयोजित होने वाले योग शिविर तथा 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के संबंध में रविवार को पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। बैठक में शिविर की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई तथा विभिन्न संगठनों से संपर्क कर सभी की भागीदारी के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न रोगों से मुक्त होकर जीवन जीने की जानकारी दी जाएगी। बैठक में सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, जिलाध्यक्ष रविभूषण गुप्ता, योग शिक्षक संजय श्रीवास्तव, महामंत्री कंचन गुप्ता, डा.दिनेश सिंह, सुधीर पाण्डेय, विकास पाण्डेय, बीएन भगत, राधेश्याम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## स्क्रैप अफरा तफरी मामले में आरोपियों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र की नवापारा खदान में स्क्रैप अफरा तफरी मामले में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पुनः उठने लगी है,इस संबंध में अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री कार्यालय सहित कंपनी के सीएमडी एवं सतर्कता विभाग एसईसीएल बिलासपुर को पत्र लिखकर आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर मामले को फिर से ताजा कर दिया है।

पत्र में बताया गया है कि 25 दिसंबर 2025 को एसईसीएल भटगांव के नवापारा खदान से ऑक्शन के स्क्रैप उठाव के दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक स्क्रैप का उठाव ट्रकों से किए जाने का मामला खदान के सुरक्षा अमले की सतर्कता से पकड़ में आया था,घटना के खुलासे के बाद कंपनी की विजलेंस टीम जांच के लिए खदान पहुंची थी,मामले में शामिल सब एरिया मैनेजर सहित खदान के इंजीनियर और कर्मचारियों को अपना बयान दर्ज कराने बिलासपुर तलब भी किया था,आरोप है कि खदान से कई लाख रुपये कीमत के कबाड़ अफरा तफरी मामले में जिस गति से जांच होनी थी और आरोपियों पर कार्यवाही होनी थी,वो घटना के ढाई माह बाद भी नहीं हो सकी है एवं मामले को ठंडे बस्ते में डाले जाने के आरोप लग रहे हैं,मामले में संलिप्त अधिकारियों को आरोप पत्र देकर और तबादला कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है,जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ प्रतीत होता है। असंगठित कामगार कांग्रेस केसंदीप शर्मा ने पत्र में कहा है कि यदि आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा,उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# हर बूथ तक पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा का काम : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा शामिल हुए।

- किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं होली मिलन संपन्न

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष–महामंत्रियों का परिचय कराया गया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव के किसानों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों की समृद्धि ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हित में निरंतर ठोस और दूरगामी निर्णय ले रही है। साथ ही भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि देने की योजना को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया।

उन्होंने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी दें और संगठन के कार्य को हर बूथ तक मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री लवकेश पैकरा एवं अजय अग्रवाल ने वही आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष मनमत बछाड़ ने किया। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन के अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली और आपसी भाईचारे व संगठनात्मक एकता का संदेश दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस


**अम्बिकापुर।** काम कर घर लौटे युवक ने देर रात घर के पीछे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घुटरापारा निवासी मोहर लाल चेरवा आ. स्व. भोन्टू (28 वर्ष) रंग पुट्टी लगाने का काम करता था। बीती रात काम कर घर आया और हाथ पैर धोने के पश्चात भोजन किया। कुछ समय बाद युवक गुड़ाखू करने घर के पीछे गया। इसी दौरान परिजन को पेड़ से कुछ आवाज आई जिसे सून कर परिजन पेड़ के पास गए तो देखा युवक फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना की सूचना परिजन सहित मोहल्ले के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।



# अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ ंदर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोंटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'

लाइफ Style



# प्रियंका खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।'उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।

प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

**लॉस एंजिल्स।** यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर **PhD** रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।



# पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।



# सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा


**मुंबई।** सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की माने तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।



# शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

## टीवी मसाला




# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।'दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।


## पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।



# ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है।



मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

*नई दिल्ली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।*

# डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक



***पिंक ने समझाया ना का असल मतलब*** : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

***गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान*** : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

***दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख*** : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।

***कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी*** : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

***थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व*** : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई। अनुराग सिन्हा निर्देशित इस फिल्म का यह डायलॉग एक स्त्री को उसके स्वाभिमान के प्रति जागरुक करने का काम करता है।

***लापता लेडीज ने खुद से रूबरू होने की अहमियत बताई*** : *साल 2023 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाती है। साथ ही महिलाओं अपने लिए जीने की सीख भी देती है। फिल्म का यह एक डायलॉग महिला सशक्तिकरण की बात को बहुत ही सहज और सरल ढंग से कहता है।*

***मैरी कॉम ने ताकत पर भरोसा करना सिखाया*** : *ओमांग कुमार निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम'बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम की बायोपिक थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने मैरी कॉम के संघर्ष और बॉक्सिंग चैंपियन बनने की कहानी को बहुत ही बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म के कई डायलॉग फेमस हुए लेकिन यह डायलॉग हर महिलाओं को बताता है कि उनके अंदर एक चैंपियन है, जिसे कभी भूल नहीं चाहिए।*

## बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी हावी है पितृसत्तात्मक सोच

# दमदार कहानी के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ीं महिला केंद्रित फिल्में

*नई दिल्ली। आधी आबादी की उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। देश, समाज में दिए गए योगदान को सराहा जाता है। मगर बात जब सिनेमा की आती है तो निराशा हाथ लगती है। आज भी महिला केंद्रित फिल्में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष के पीछे कई कारण मौजूद हैं। 'पुरुषों की दुनिया में आगे बढ़ने वाली महिला खास होती है" अमेरिकन सिंगर रिहाना का कहा गया यह कथन हिंदी सिनेमा में अब तक सच नहीं हुआ। 21वीं सदी में आकर भी दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बॉलीवुड में महिला केंद्रित कहानी अपने लिए जगह बनाने की कोशिश में लगी है। तमाम कोशिशों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में सफलता से कोसों दूर हैं। ऐसा नहीं है कि महिला कलाकार या निर्देशक सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं।*

### अस्सी और मर्दानी 3 की पहल गई बेकार

इस साल अब तक दो महिला केंद्रित हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, तापसी पन्नू की 'अस्सी'और रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3'। दोनों ही फिल्मों में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषय को उठाया गया है। फिल्म 'अस्सी'दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध पर बात करती है, वहीं 'मर्दानी 3' बच्चों की तस्करी जैसा मुद्दा उठाती है। दोनों कहानियां भीतर तक झकझोरती हैं। लेकिन, इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखें तो पता चलता है कि दर्शक इनसे दूरी बनाकर चले।

### कमजोर कलेक्शन ने तोड़ दी उम्मीदें

फिल्म 'अस्सी'ने रिलीज के 16वें दिन तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये कमाए। वहीं रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने 37वें दिन तक 50.36 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। पिछले साल काजोल की फिल्म 'मां' थिएटर में रिलीज हुई। वहीं ओटीटी पर 'मिसेज' जैसी फिल्म देखने को मिली। हर साल चंद महिला केंद्रित फिल्में ही दर्शकों को देखने को मिलती हैं, ऐसे में सफलता का आंकड़ा भी सीमित है। प्रोड्यूसर अब भी वुमन सेंट्रिक फिल्मों में दावा खेलने से बचते हैं।

### ये हैं प्रमुख कारण

*सवाल है कि सिर्फ इस बात का अफसोस मनाया जाए कि महिला केंद्रित फिल्में दर्शकों को पसंद नहीं है तो हकीकत इसके उल्ट है। दर्शकों के लिए फिल्म सिर्फ फिल्म होती है। कंगना रनौत की फिल्म क्वीन, तनु वेड्स मनु, तापसी पन्नू की पिंक, श्रीदेवी की इंग्लिश विंग्लिश, आलिया भट्ट की राजी और गंगू बाई काठियावाड़ी और लापता लेडीज इस बात उदाहरण हैं। ये फिल्में दर्शकों को खूब पसंद आईं। अपने मैसेज को भी दर्शकों तक बखूबी पहुंचाती हैं। लेकिन, ऐसे कई कारण अब भी मौजूद हैं, जो महिला केंद्रित फिल्मों की राह को मुश्किल बनाते हैं।*

***फीमेल ऑडियंस का थिएटर तक ना पहुंच पाना:*** *आज भी आधी आबादी का एक बड़ा हिस्सा थिएटर तक पहुंच नहीं रखता है। इसके पीछे आर्थिक स्वतंत्रता की कमी एक बड़ी वजह है। महिलाओं का एक बड़ा तबका आज भी आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में थिएटर पहुंचकर महिला केंद्रित फिल्में देखना, उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं हो पाया है।*





***महिला निर्देशकों को कमी:*** *सिनेमा जगत खासकर बॉलीवुड में धीरे-धीरे महिलाएं अभिनय के अलावा कई फील्ड में अपने लिए जगह बना रही हैं। कई महिला निर्देशक हमारे दौर में मौजूद हैं। लेकिन यह संख्या गिनती की है। आज भी महिला केंद्रित फिल्मों को पुरुष निर्देशक बनाते हैं। जब कोई पुरुष महिला विषय पर बात करेगा तो कहीं ना कहीं उतनी संवेदनशीलता पर्दे पर नजर नहीं आएगी जो दिखनी चाहिए। एक स्त्री की भावनाओं को एक स्त्री के नजरिए से जब निर्देशित किया जाएगा तो उसका असर गहरा होगा। गौरी शिंदे की फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' और किरण राव की 'लापता लेडीज' इस बात का सफल उदाहरण हैं। दोनों फिल्मों में बहुत बारीकी और गहराई से महिलाओं की सोच और भावनाओं को व्यक्त किया गया है।*

***पितृसत्तात्मक सोच का हावी होना*** : *बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी पितृसत्तात्मक सोच हावी है। एक बड़ा पुरुष वर्ग बड़े पर्दे पर महिला केंद्रित कहानी देखकर असहज हो जाता है। दरअसल, कहानी में पुरुष समाज और पितृसत्ता की सच्चाई वह देखना नहीं चाहते हैं।*

## खबर संक्षेप



### आकाश बने विधायक प्रतिनिधि

**सरसींवा।** आकाश पांडेय को बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे द्वारा बिलाईगढ़ अनुविभाग के राजस्व विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसकी अनुशंसा विधायक की ओर से की गई है।

### कब्रिस्तान व ईदगाह क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग

**राउरकेला।** शहर के मुख्य मार्ग व रिंग रोड के सामानंतर महताब रोड पर वाहनों के अनियंत्रित खड़े होने की समस्या को लेकर प्रशासन ने इसके कुछ हिस्से में कड़ा कदम उठाया। दमकल विभाग ऑफिस क्षेत्र में वाहनों को हटाकर और भारी जुर्माना लगा कर रोड को क्लियर किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। इस पहल को नागरिकों ने सराहा और प्रशासन की कार्रवाई की प्रशंसा की। हालांकि इस रोड के कब्रिस्तान और ईदगाह मैदान वाले हिस्से में अब भी वाहनों का अव्यवस्थित खड़ा होना और माल की लोडिंग अनलोडिंग जारी रहने से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। प्रशासन की इस क्षेत्र में चुप्पी और कोई ठोस कार्रवाई न होने से नागरिकों के बीच तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोग और व्यापारियों ने शासन व प्रशासन के उच्च अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरु

**राउरकेला।** ओडिशा राज्य बार काउंसिल के निर्देशानुसार ओडिशा के सभी वकील संघों के आगामी 2026-27 वर्ष के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति का चुनाव आगामी 28 मार्च को निर्धारित किया गया है। इस चुनाव को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए राउरकेला वकील संघ की सामान्य परिषद की बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता सरोज नारायण महापात्र को चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी महापात्र ने दायित्व ग्रहण करने के बाद की ओडिशा राज्य बार काउंसिल अधिसूचना के अनुसार आगामी चुनाव के लिए विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जादू-टोना के ...

बाई अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और घटनास्थल का निरीक्षण किया।जांच के दौरान पुलिस को मृतका के शरीर और आसपास खून के निशान मिले। साथ ही उसके गुप्तांग में गंभीर चोट के संकेत भी पाए गए। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों की प्रारंभिक रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि कठोर व भोंथरे वस्तु से गुप्तांग में गंभीर चोट पहुंचने के कारण महिला की मृत्यु हुई है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा...

उन्होंने कहा कि यदि इन परंपराओं का आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया जाए तो यह मानव समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रो.रविन्द्र ब्राह्मे (पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके दार्शनिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं बल्कि मनुष्य को जीवन के उच्चतम मूल्यों तक पहुंचाना है। डॉ.रामानुज प्रताप ध्रुव (शासकीय महाविद्यालय कुनकुरी) ने अपने व्याख्यान में लोक संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा के परस्पर संबंधों पर चर्चा की। डॉ.शशि मार्कण्डेय (शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव) ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के संबंधों पर विचार डॉ. अमरेन्द्र सिंह, प्राचार्य, शासकीय एनईएस महाविद्यालय जशपुर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित नैतिक मूल्य और जीवन दृष्टि आज के समाज में अत्यंत प्रासंगिक हैं। डॉ. किशोर मिंज (कुनकुरी) ने भारतीय ज्ञान परंपरा के सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कुसुम माधुरी टोप्पो ने की। संगोष्ठी में मनोरा महाविद्यालय के प्राचार्य एसपी भगत भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में बागबहार महाविद्यालय, कुनकुरी महाविद्यालय तथा सरगुजा विश्वविद्यालय से जुड़े शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विषयों पर शोधार्थियों द्वारा अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

## अब तक 24 हजार सोख्ता गड्ढों एवं जल संरचनाओं का निर्माण

# जल संरचनाओं को बचाने कलेक्टर ने की जल संगवारी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जल संगवारी अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढो जल सरंचनाओं एवं जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 पोर्टल में एंट्री के संबंध में वन विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, उपसंचालक कृषि, कार्यपालन अभियंता पीएचई, सहायक संचालक उद्यान, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए सीएमओ नगरपालिका सारंगढ़ आदि अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिलेभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल संगवारी अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी एवं योजनाओं के माध्यम से किए गए गड्ढे व जल सरंचनाओं के निर्माण एवं जल शक्ति पोर्टल में अब हुए एंट्री के संबंध में जानकारी लेकर कलेक्टर कन्नौजे ने अफसरों को निर्देशित किया कि जल संगवारी अभियान के तहत हर ग्राम पंचायत में विभागों के माध्यम से जल बचाव हेतु आवश्यक कदम उठाये जाए, जिसमें कालेज एवं स्कूलों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, गांवों में रैली निकालकर व चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल निकासी स्थान पर श्रमदान से अधिक से अधिक सोख्ता गड्ढा किए जाने प्रेरित करना आदि जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा सकते है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अमला को धान के बदले कम पानी से अधिक आमदनी वाले अन्य फसल जैसे दलहनी तिलहन एवं मोटा फसल के उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने निर्देशित कियाए ताकि अधिक से अधिक पानी का बचाव हो सके।

**खास बातें**

- जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 पोर्टल में 16 हजार से अधिक जल संचयों की हुई एंट्री



बैठक लेते कलेक्टर।

**विभागों को मिला टारगेट**

बैठक में जनपद पंचायत बरमकेला को 35 हजार, बिलाईगढ़ को 20 हजार एवं सारंगढ़ को 20 हजार, इसप्रकार कुल 75 हजार सोख्ता गड्ढा एवं अन्य सरंचनाओं का पोर्टल में एंट्री करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह वन विभाग को 30 हजार, शिक्षा विभाग को 3 हजारए जिले के सभी नगरीय निकाय में के लिए 10 हजार पोर्टल में एंट्री करने निर्देश दिया गया।

# कलेक्टर ने किया शहर के कई स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने पूरी टीम के साथ शहर के कई स्थलों का शुक्रवार को निरीक्षण कर विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया साथ ही पुलिस और राजस्व विभाग को नगरपालिका के साथ समन्वय कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सारंगढ़ क्षेत्र के गधाभाठा रोड स्थित इंडोर स्टेडियम के पास बने कचरा डंपिंग स्थल का निरीक्षण कियाए जहां साफ सफाई का कार्य चल रहा है।

उन्होंने नप सीएमओ को निर्देश दिए कि स्थल पर मिट्टी डालकर रोलर चलाया जाए तथा आसपास की झाड़ियों की भी सफाई कराई जाए। उन्होंने एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी लेते हुए जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जेलपारा और रेंजर पारा पुल के पास पुराना नाम नाका नंबर 5 चल रहे रंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तावित सर्किट हाउस के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। यह सर्किट हाउस करीब ढाई एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसके कार्य को जल्द प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान लोहारिन डबरी तालाब की बाउंड्रीवाल का कार्य जल्द पूरा कराने के लिए नगरपालिका को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने सारंगढ़ के मुक्तिधाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुक्तिधाम के सामने बनी झोपड़ियों को हटाने और आदर्श मुक्तिधाम के पास लगे अवैध ठेलों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कराने तथा पीएचई विभाग को श्मशान घाट में बोर खनन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में फैली गंदगी को तत्काल साफ कराने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सब्जी मार्केट का भी जायजा लिया और वहां दुकानों के शेड में हुए बेजा कब्जे को हटाने तथा पूरे बाजार क्षेत्र में साफ, सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

- इंडोर स्टेडियम, रेंजरपारा पुल और प्रस्तावित सर्किट हाउस स्थल के आसपास क्षेत्र का सफाई, सौंदर्यीकरण और अवैध कब्जा हटाने के निर्देश

# विकासखंड स्तरीय सुशासन शिविर 27 तक



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन और मुख्यमंत्री जी घोषणा के कार्यों की प्रगति, कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि कांसाबेल विकासखण्ड में शासन के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागों की संतृप्तिकरण हेतु कांसाबेल कलस्टर के ग्राम पंचायत कोडलिया, जुमईकेला, केनाडांड़, बांसबहार और खारपानी में सुशासन शिविर का आयोजन क्रमशः 12 मार्च, 13 मार्च, 16 मार्च, एवं 19 मार्च 2026 को किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सुशासन शिविर हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तरीय शिविर हेतु एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया को नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ कांसाबेल श्री संदीप कुमार मरावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही शिविर में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों भी उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, आवास, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा, कार्य, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग कार्ड, नामांतरण, बटवारा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और नल-जल से संबंधित समस्याओं को समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर से पहले संबंधित ग्राम पंचायतों स्तर पर आयुष्मान, आधार कार्ड अपडेट,श्रम कार्ड पंजीयन, आय जाति,निवास प्रमाण पत्र, पेयजल संबंधित समस्याओं का अपने स्तर पर अनिवार्य रूप से निराकरण कर लें। उन्होंने कहा कि दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, बगीचा, जशपुर, पत्थलगांव और मनोरा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों भी विकासखण्ड स्तरीय शिविर का होगा आयोजन' कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार सुशासन शिविर में शासन के योजनाओं के स्कोप की जानकारी जन समान्य को प्रदान करते हुए, योजनाओं से वंचितों को लाभान्वित करने हेतु कलस्टर पंचायत स्तर से प्राप्त आवेदनों का पंचायत स्तर में निराकृत किया जाएगा। इस हेतु दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, बगीचा, जशपुर, पत्थलगांव और मनोरा विकासखण्ड के संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 13 मार्च को कुनकुरी के भेलवाटोली, फरसाबहार के घुमरा, पत्थलगांव के खाड़ामाचा और मनोरा के अंधरझर, 23 मार्च को दुलदुला विकासखण्ड के जामटोली, बगीचा के कुरकुरिया और जशपुर के रातामाटी, 27 मार्च को कुनकुरी के चटकपुर आदि में शिविर आयोजित होगी।

# सजल समूह ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जशपुरनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सजल समूह के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बालासाहेब देशपांडे स्मारक भवन में आयोजित किया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुँवरानी जया सिंह जूदेव थी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट की उप प्राचार्य सरोज संगीता भोई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो, डॉ त्रिपद चाइल्ड स्पेशलिस्ट कल्याण आश्रम चिकित्सालय, लेखिका एवं कलाकार अंकिता जैन,शुभा मिश्रा लेखिका, कल्याण आश्रम माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक जयमुनी सिंह और जूही सिद्दीकी थी। कार्यक्रम की शुरुआत ममता सिन्हा द्वारा सजल समूह और सजल सदस्यों के परिचय से किया गया। अक्षरा सिन्हा ने गणपति वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भरतनाट्यम की प्रस्तुति मनीषा भगत के द्वारा एवं कत्थक की प्रस्तुति सरस्वती कला केंद्र की छात्राओं के द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में वस्फी सिद्दिकी, इशि साहू, खुशी साहू और शिवांश झा के द्वारा भी प्रस्तुति दी गई।

महिलाओं ने खेला लकी गेम- ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा मनोरंजक तरीके से लकी लेडिस गेम के जरिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहा। अलग-अलग समय में कुछ चिट्स निकालकर महिलाओं से गेम और प्रश्नों के माध्यम से कार्यक्रम को अत्यंत मनोरंजक बनाया गया। उपस्थित सभी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों के बीच में से भी कुछ महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति कविताओं और गीतों के माध्यम से दी। महिलाएं सभी कार्य करने के सक्षम - मुख्य अतिथि जया सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं में उत्साह का वर्धन करते हैं आज की नारी बहुत कुछ कर रही है अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के अलावा भी वह सामाजिक जिम्मेदारियों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। विशिष्ट अतिथि कल्पना टोप्पो ने भी सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए अपनी कविता की प्रस्तुति दी। अंकिता जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई क्योंकि यहां समस्त कार्य महिलाओं के द्वारा ही किया जा रहे हैं। और महिलाओं को अपने आप को बेचारी बिल्कुल नहीं समझना चाहिए वह हर कार्य करने में सक्षम है। सरोज संगीता भोई ने भी अपने स्वरचित गीत की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के प्रत्येक जिम्मेदारी सजल समूह के महिलाओं के द्वारा निभाई गई।



**महिलाएं हुई पुरस्कृत**

कार्यक्रम में अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया ,जो अपने क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही हो। पुरस्कार शुभा मिश्रा अधिवक्ता और लेखिका, इन्हें सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार पुरस्कार 2020 के अलावा भी बहुत सारे पुरस्कार भी मिल चुके हैं ।दूसरा संघर्षरत महिला पुरस्कार बिफनी बाई को दिया गया जो कि सोनक्यारी के सतालू टोली में मितानिन का कार्य कर रही है। अगस्त माह में एक प्रसूता को पीठ में बांधकर नदी पार करा के सोनक्यारी हॉस्पिटल पहुंचाई थी। तीसरा पुरस्कार आकांक्षा रानी को गया जो कि जशपुर की है और अंडर-19 में छत्तीसगढ़ के लिए क्रिकेट खेलती हैं।इसके अलावा एक विशेष पुरस्कार अनीता चौधरी स्मृति पुरस्कार भी सजल समूह के द्वारा दिया जाता है जो कि उनकी दिवंगत सखी के नाम पर होता है यह पुरस्कार अंकिता जैन को दिया गया जो कि एक स्कल्पचर आर्टिस्ट, पर्यावरणविद, उद्यमी और लेखिका हैं। उन्होंने अनेक किताबें लिखी हैं और उसके लिए उन्हें युवा साहित्यकार , मेदिनी पुरस्कार और इफको यंग लिटरेरी पुरस्कार के अलावा भी बहुत सारे सम्मान प्राप्त हैं।



# जंगल में भीषण आग, जंगली जानवरों और पेड़ों को नुकसान

**धरमजयगढ़।** क्षेत्र के आमापाली के पास जंगलों में आग लगने की घटना सामने आई है। जंगलों में लगी आग से वन संपदा को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। यह आग किसी अन्य जगह पर लगाई गई हैं जो जलते-जलते गांव के पास के खेतो तक पहुंचे चुका हैं। देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था की यह आग बीते दिनों लगाई गई हो। वन विभाग द्वारा जंगलों की सुरक्षा को लेकर बैठकों और योजनाओं की बात तो की जाती है, लेकिन धरातल पर इन फैसलों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अधिकारियों को क्या जंगल जले तो जले**

ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि जब जंगलों में आग लगी हुई थी, तब जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालयों में बंद कमरे में आराम फरमाते नजर आए। समय पर कार्रवाई नहीं होने से आग फैलती रही और जंगल के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा।

**वन संपदा को हो सकता है बड़ा नुकसान**

जंगलों में लगी आग से पेड़ पौधों, वन्य जीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी भी इस घटना को लेकर चिंता जता रहे हैं और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की मांग कर रहे हैं।

# कच्ची सड़क से परेशान नवापारा के ग्रामीण, सीसी रोड निर्माण की मांग

- वर्षों से पक्की सड़क के लिए तरस रहे लोग
- स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा मड़वा के ग्रामीण वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग आज भी कच्चा है जिसके कारण बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और दलदल में बदल जाती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार मांग करने के बावजूद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सड़क की हालत बद से बदतर हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ और पानी भर जाने के कारण पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है। कई बार लोग फिसलकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को होती है, जिन्हें मजबूरी में इसी खराब रास्ते से होकर आना जाना पड़ता है। बरसात के समय हालात ऐसे बन जाते हैं कि लोगों को अपने घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के इस मुख्य मार्ग के पक्कीकरण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव के समय सड़क बनाने का आश्वासन जरूर दिया जाता है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।



बीते 15-20 सालों से गांव के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। कई बार मांग उठाने के बावजूद आज तक निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**नीला तोश कुमार पटेल**
**सरपंच नवापारा**

गांव का यह मुख्य रास्ता है और इसी मार्ग से लोगों का रोजाना आवागमन होता है। कच्ची सड़क होने के कारण वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाता है।

**रूपकुंवर पटेल, पंच नवापारा**


# बनोरा आश्रम में रंगोत्सव का आयोजन



**रायगढ़।** घंटों कतार बद्ध होकर गुरु चरणों में गुलाल अर्पित करने के बाद शहरवासियों ने होली खेली। बनोरा आश्रम में रंगोत्सव के आयोजन ने समाज के आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा हैं। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के कर कमलों से भक्तों को स्वय को रंगे जाने के साथ ही आत्मीय संतोष का अनुभव हुआ। बनोरा परिसर भटके हुए मानव मन की एकाग्र करने की पावन स्थली है। पूज्य बाबा जी के दर्शन कर होली से रंगे जाने हेतु प्रबुद्ध जन जाति पाती ऊंच नीच अमीर गरीब का भेद भुलाकर घंटों कतार बद्ध होकर अपनी पारी का इंतजार करते रहे। राजनीति, धार्मिक, व्यापारिक, समाजिक, संस्थाओं सहित मीडिया से से जुड़े लोग आम आदमी महिलाएं नेता पार्षद सभी कतार में शामिल होकर अपनी पारी की प्रतिक्षा करते रहे। बनोरा आश्रम का यह दृश्य प्रेम और एकता के अदभुत संगम का गवाह बन गया। बनोरा आश्रम में होली खेलने की शुरुवात करने के लोगों के बीच प्रेम और एकता की भावना में बढ़ोतरी हो रही है। जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन नजर आ रहा हैं।




# स्वरोजगार से सशक्त हो रही ग्रामीण महिलाएं



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर हो रही हैं। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

इसी क्रम में जिले के दुलदुला विकासखंड की ग्राम दुलदुला निवासी रश्मि तिर्की भी आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई हैं। श्रीमती रश्मि तिर्की दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को भी नई दिशा दी है। आज वे अपने गांव में 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। श्रीमती तिर्की बताती हैं कि पहले वे घर-गृहस्थी के कामकाज तक ही सीमित थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण घर की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता था। इसी दौरान उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया।

### बिजली देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**सक्ती।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजाभाठा लवसरा द्वारा जंगल जमीन पर लंबे समय से काबिज गरीब परिवार को पट्टा और इसी जमीन पर सिंचाई सुविधा के लिए बिजली लाइन दिलवाने की मांग के लिए धरना आन्दोलन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेंद्र साहू से चर्चा उपरांत धरना आंदोलन समाप्त हुआ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधि मंडल कामरेड अनिल शर्मा एवं कामरेड कन्हैया कुर्रे के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेन्द साहू से मिला।

